**3 (Sem–5/CBCS) HIN–RG**

**2023**

HINDI

( Regular Generic )

Paper : HIN–RG–5016

**( संगीत एवं साहित्य )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'संगीत' से आपका क्या अभिप्राय है?

(ख) संगीत का शब्दकोष किस ग्रंथ को कहा जाता है?

(ग) गीतिकाव्य का स्रोत-ग्रंथ क्या है?

(घ) मीराँबाई द्वारा प्रयुक्त किसी एक राग का नाम लिखिए।

(ङ) भगवान ब्रह्मा की वीणा का नाम क्या है?

(च) हिन्दी के आदि गीति-कवि कौन हैं?

(छ) कव्वाली गायन-शैली का प्रारम्भ किसने किया था?

(ज) ध्रुपद गायन-शैली के एक महान संगीतकार का नाम लिखिए।

( Turn Over )

(झ) गीति-तत्त्व की दृष्टि से पंत द्वारा रचित किसी एक गीत का उल्लेख कीजिए।

(ञ) महादेवी वर्मा-विरचित किसी एक गीत के शीर्षक का नामोल्लेख कीजिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) भारतीय संगीत का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(ख) 'ओउम्' के तीन अक्षर किन तीन ईश्वरीय शक्तियों के द्योतक हैं?

(ग) तुलसीदास-कृत प्रगीत काव्य की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

(घ) वाद्य के चार प्रकार कौन-कौन से हैं?

(ङ) प्रसाद की दो प्रगीतात्मक रचनाओं का नामोल्लेख कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) वैदिक संगीत के स्वरूप पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) साहित्य और संगीत के अंतर्सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिए।

(ग) सूर-काव्य में निरूपित गीति-तत्त्व की किन्हीं पाँच विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) सूफी संतों ने संगीत के भक्ति-स्वरूप पर किस प्रकार बल दिया है? स्पष्ट कीजिए।





(ङ) महादेवी वर्मा के गीतों में निहित संगीतात्मकता की कोई तीन विशेषताएँ सोदाहरण बताइए।

(च) "पंत के काव्य में प्रकृति के मनोरम वर्णन के साथ-साथ गीति-तत्त्व का भी सुंदर निर्वाह हुआ है।" स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) संगीत के क्षेत्र में भरतमुनि के योगदान पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'आदिकालीन हिन्दी साहित्य और संगीत' —इस विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) "मुगलों, विशेषकर अक़बर का शासनकाल संगीत का स्वर्णकाल था।" इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**अथवा**

मध्यकालीन वाद्ययंत्रों के विविध प्रकारों पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ग) संत साहित्य में संगीत की भूमिका पर उदाहरण-सहित विचार कीजिए।

**अथवा**

गीति-तत्त्व की दृष्टि से रामकाव्य का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

(घ) "निराला के गेय और छन्द-मुक्त कविता में संगीत-सिद्धांत के अभिनव प्रयोग मिलते हैं।" प्रस्तुत कथन पर आलोकपात कीजिए।

**अथवा**

प्रसाद के काव्य के सांगीतिक तत्त्वों की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

★★★